nt>

12.03 hrs.

COMMITTEE ON WELFARE OF SCHEDULED CASTES

AND SCHEDULED TRIBES

Twenty-seventh Report and Minutes

Title: Regarding presentation of 27th Report of the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes including minutes of the sitting of the Committee relating thereto.

SHRI RATILAL KALIDAS VARMA (DHANDHUKA): Sir, I beg to present the Twenty-seventh Report (Hindi and English versions) of the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes including minutes (Hindi and English versions) of the sitting of the Committee relating thereto on Ministry of Health and Family Welfare on "Action taken by the Government on the recommendations contained in their Sixty-fifth Report (Tenth Lok Sabha) − Reservation for and employment of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Central Medical Institutes and Colleges including reservation for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in admission therein."

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव (पूर्णिया) : अध्यक्ष महोदय, जिनका नाम लिस्ट में है, कल वे नहीं बोल पाए।

अध्यक्ष महोदय : कल चर्चा नहीं हो सकी, अब प्राइम मिनिस्टर का रिप्लाई होगा।

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : कल सदन में कोरम नहीं था।

अध्यक्ष महोदय : हाउस में कोरम बनाए रखना सभी सदस्यों का काम है।

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : किसी ने कोरम का सवाल उठा दिया था इसलिए हम अपनी बात नहीं रख सके।

अध्यक्ष महोदय : पप्पू यादव जी, आप जानते हैं कोरम बनाए रखना सभी सदस्यों का काम है इसलिए मैं प्राइम मिनिस्टर जी को रुकने को नहीं कह सकता।

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : इसकी गम्भीरता को समझा जाए।

अध्यक्ष महोदय : गम्भीरता यह है कि हम नियुक्त सदस्य हैं, जनता हमें चुनकर यहां भेजती है इसलिए हम सब सदस्य अगर कोरम नहीं बनाए रख सकते तो इसकी निंदा होनी चाहिए।

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : वही मैं कह रहा हूं कि इसलिए इसकी निंदा होनी चाहिए।

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : सर, जीरो-आवर का क्या होगा? कटाव है, बाढ़ है, सूखा है, किसानों की समस्याएं हैं, इनका क्या होगा? क्या केवल जुदेव पर ही सब चलता रहेगा। आप जीरो-आवर लीजिए।

अध्यक्ष महोदय : मैं जीरो-आवर नहीं ले रहा हूं। मैं श्री अजय चक्रवर्ती को सुनना चाहता हूं।

श्रीमती रेनु कुमारी : क्या एक ही चीज रेज होती रहेगी?â€¦ (व्यवधान)